# दिनांक 28.02.2020 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा निदेशालय तथा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के कर्मियों के कार्यो की समीक्षा बैठक की कार्यवाही।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय तथा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के कर्मियों द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यों के साथ–साथ पूर्व की समीक्षात्मक बैठकों में दिये गए निदेश के अनुपालन की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के क्रम में अधोहस्ताक्षरी को बताया गया कि अभी तक लगभग 2000 संचिकाओं की लिस्टिंग का कार्य सम्पन्न करा लिया गया है, इसपर निदेश दिया गया कि जिन संचिकाओं को सूचीबद्ध कम्प्यूटर के माध्यम से कर लिया गया है का प्रभार संबंधित सहायक द्वारा अविलम्ब लिया जाय। संचिकाओं की लिस्ट एवं प्रभार से संबंधित प्रतिवेदन की छायाप्रति अधोहस्ताक्षरी को भी स्पाईरल बाईडिंग करा कर समर्पित करेंगे। अधोहस्ताक्षरी को यह भी जानकारी दी गयी कि अभी भी प्रथम तल के कमरे में रखी कई संचिकाएँ बगैर प्रभार की है। उक्त के संबंध में कहा गया कि प्राथमिकता के आधार पर संचिकाओं के लिस्टिंग का कार्य समाप्त किया जाय एवं किसी एक पटल की 200 संचिकाओं की लिस्ट पूरी होते ही सम्बन्धित सहायक उसका प्रभार ग्रहण कर प्रतिवेदन संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को देंगे।

संचिकाओं को सुरक्षित रखने हेतु पूर्व में दिये गए निदेश के आलोक में किसी भी सहायक / कर्मी द्वारा बक्सा / रैक इत्यादि का प्रस्ताव अभी तक क्यों नहीं उपलब्ध नहीं कराया गया है के संबंध में पूछने पर बताया गया की प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।


उक्त के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय स्तर पर सम्पादित किये जा रहे विभिन्न कार्यो की निम्नवत समीक्षा की गयी :–

1. **स्थापना संबंधी कार्य :–**

निदेशालय स्तर से सम्पादित किये जा रहे क्षेत्रीय स्थापना, मुख्यालय स्थापना, क्षेत्रीय कार्यालय हेतु पदसृजन व नियोजन संबंधी कार्यो की समीक्षा की गयी।

(क) (i) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय स्तर पर कुल विभिन्न प्रकार के पदों, विभिन्न जिलों हेतु स्वीकृत पदों एवं उन पदों पर पदस्थापित कर्मियों के संबंध में विवरणी तैयार करने का निदेश दिया गया। पदाधिकारियों व कर्मियों में कुछ का पदस्थापन राज्य सरकार के स्तर से , कुछ का विभाग के स्तर से तथा कुछ का निदेशालय स्तर से किया जाता है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न जिलों के स्वीकृत पदों की संक्षिप्त विवरणी निम्न आधार (Horizontal में विभिन्न पदों का नाम व Vertical में जिलों का नाम) पर बनाने का निदेश दिया गया :—




कर्मियों का भविष्य में होने वाले स्थानान्तरण में उक्त विवरणी का सहयोग लिया जा सकेगा।

(ii) प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी को जानकारी दी गयी कि पदों का आवंटन 22 जिलों तक ही सिमित है। उक्त के संबंध में अधाहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि शेष जिलों के लिए पदों के आवंटन हेतु प्रस्ताव शीघ्र उपस्थापित किया जाय।

(iii) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशित किया गया कि निदेशालय में जितने भी कर्मी पदस्थापित है, कार्यरत है एवं प्रतिनियुक्त है, सभी कर्मियों की एक निजी संचिका होगी और उसी में उससे संबंधित मामलों को संधारित किया जायेगा। जैसे ही कोई कर्मी योगदान देने हेतु निदेशालय में आता है तो उसी समय उक्त कर्मी की संचिका खोली जाय जिसमें उक्त कर्मी से संबंधित आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।

(ख) अधोहस्ताक्षरी को प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा पूर्व के निदेश के अनुपालन के क्रम में कार्यालय अवधि से संबंधित सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र का अवलोकन कराया गया के संबंध में निदेश दिया गया कि निदेशालय में कार्यरत सभी पदा0 / कर्म0 को कार्यालय अवधि से संबंधित जानकारी उपलब्ध करा दें।

(ग) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय अन्तर्गत किस कार्यालय में किस पद पर कौन–कौन से कर्मी पदस्थापित है से संबंधित कर्मियों का डेटाबेस शीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया।

(घ) **विभागीय कार्यवाही** – जिलों से प्राप्त विभागीय कार्यवाही, आरोप एवं सेवान्त लाभ से संबंधित लम्बित मामलों के बारे में श्री सुरेश प्रसाद सिंह, उच्चवर्गीय लिपिक द्वारा निम्न जानकारी दी गयी–

विभागीय कार्यवाही से संबंधित लम्बित मामला की सूची :–

| क्र0 सं0 | नाम/पदनाम | पदस्थापन कार्यालय | संचिका संख्या | आरोप | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री वासुकीनाथ प्रसाद, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | 17– नि0 (अरोप) – 41/2014 | तीन सेवानिवृत्त कर्मियों के सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन का प्रस्ताव नहीं भेजने के संबंध में। | निदेशालय पत्रांक–591 दिनांक 08.04.2019 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 2 | श्री दिलीप कुमार यादव, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | 17– नि0 (अरा0 आ0) – 28/2019 | फर्जी अभिलेख का नकल निर्गत करेन का आरोप। | निदेशालय पत्रांक–318 दिनांक 28.02.2019 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 3 | श्री देव नरायण लाल दास, उ0व0लि0 | | | | निदेशालय पत्रांक–317 दिनांक 28.02.2019 द्वारा विभागय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 4 | मो0 शकील जमाली उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | 17– नि0 (अरा0 आ0) – 143/2018 | अनुशासनहीनता कार्यालय का कार्य अवरूद्ध करने एवं अभिलेखागार में ताला बन्द करने का आरोप। | आदेश संख्या–44 दिनांक 10.01.2019 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 5 | मो0 जया कासीफ, उ0व0लि0 | | | | |
| 6 | मो0 नासिर आलम, उ0व0लि0 | | | | |
| 7 | श्री आदित्यनाथ झा, नि0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | 17– नि0 (अरा0 आ0) – 45/2019 | कदाचार पूर्ण आचरण वित्तीय अनियमित्त का आरोप। | आदेश संख्या–393 दिनांक 11.03.2019 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ।<br>तत्काल निलम्बन से मुक्त। |
| 8 | श्री सुनील कुमार सिंह, कार्यकारी प्रधान लिपिक | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | 17– नि0 (रा0आ0) – 20/2012 | अनियमित्ता एवं उजरत भोगी अमीनों को चुपचाप अनुभव प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबध में। | आदेश संख्या–671 दिनांक 25.04.2019 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 9 | श्री सुधीर कुमार दास, स0ब0प0 | | | | आदेश संख्या–672 दिनांक 25.04.2019 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |

| क्र0 सं0 | नाम / पदनाम | पदस्थापन कार्यालय | संचिका संख्या | आरोप | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 10 | श्री चितरंजन कुमार दास, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर सम्प्रति बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय | 17–नि0 (आरोप)–41 / 2014 | अभिलेख में हेरा–फेरी करने के संबंध में। | विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 11 | श्री राजेश कुमार, नि0व0लि0 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7 | 17–नि0 (अरा0 आ0) –234 / 2018 | अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के संबंध में। | निदेशालय के आदेश सं0–1116 दिनांक 11.07. 2019 के द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 12 | श्री अविनाश किशोर, नि0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, मुजफ्फरपुर / खगड़िया | 17–नि0 (अरा0आ0)– 267 / 2019 | आदेशोल्लंघन के संबंध में। | निदेशालय के आदेश सं0–1672 दिनांक 01.10. 2019 के द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ। |
| 13 | श्री राकेश कुमार सिन्हा, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | — | आदेश के अवहेलना आदि के संबंध में। | संचालन पदाधिकारी से प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 14 | श्री निरज कुमार सिंह, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, नालन्दा / प0चम्पारण (बेतिया) | — | अनाधिकृत अनुपस्थित रहने, कार्य के प्रति अभिरुचि नहीं रखने तथा कर्मचारी / पदाधिकारी के साथ उदण्ड आचरण के संबंध में। | संचालन पदाधिकारी से प्रतिवेदन अप्राप्त। |

## आरोप से संबंधित लम्बित मामला की सूची :–

| क्र0 सं0 | आरोपित कर्मचारियों का नाम / पदनाम | पदस्थापन कार्यालय | आरोप का संक्षिप्त विवरण | आरोप प्राप्ति की तिथि | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री उमाकान्त प्रसाद, नि0व0लि0 | राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया | अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के संबंध में। | 02.07.2015 | आरोप प्रपत्र 'क' अप्राप्त। |
| 2 | श्री राजेश्वर दयाल, उ0व0लि0 (भूतपूर्व भंडारपाल) | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना | सरकारी राशि का समाजन नहीं करने का आरोप। | 14.06.2013 | प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 3 | श्री मुन्ना प्रसाद यादव, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर | वाद में फर्जी हस्ताक्षर कर वाद का निपटारा करने के संबध में। | 22.11.2013 | अपराधिक कार्य के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का प्रतिवेदन अप्राप्त। |

| क्र0 सं0 | आरोपित कर्मचारियों का नाम / पदनाम | पदस्थापन कार्यालय | आरोप का संक्षिप्त विवरण | आरोप प्राप्ति की तिथि | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | श्री जितेन्द्र कुमार, कार्यालय परिचारी | बन्दोबस्त कार्यालय, पटना | स0ब0प0(मु0), पटना के विरुद्ध आरोप के संबंध में। | 30.05.2019 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना का जाँच प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 5 | श्री दिनेश कुमार सिंह, नि0व0लि0 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना, सम्प्रति अंचल कार्यालय, जगदीशपुर | निर्धारित से अधिक नक्शा का रुपया माँगने के संबंध में। | 14.06.2018 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, भागलपुर का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 6 | श्री रघुवंश प्रसाद, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | अभिलेख बेचे जाने के संबंध में। | 18.09.2019 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, भागलपुर का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 7 | श्री दिलीप कुमार यादव उच्च वर्गीय लिपिक | | | | |
| 8 | श्री कामेश्वर प्रसाद, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, पटना | स0ब0प0(मु0), पटना द्वारा प्रतारित करने के संबंध में। | 23.06.2019 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 9 | श्री जियाउर रहमान खाँ, नि0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, दरभंगा | बिरमन नहीं होने के संबंध में। | 25.03.2019 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, दरभंगा का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 10 | श्री सुनिल कुमार, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी | आरोपित कर्मचारियों को बचाने के संबंध में। | 18.11.2012 | स्पष्टीकरण की माँग की गई थी, जो अप्राप्त है। |
| 11 | श्रीमती श्वेता मिश्रा, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता | डिहरीऑन सॉन, रोहतास | मान हानि करने एवं धमकी दिलवाने के संबंध में। | 04.12.2019 | समाहर्त्ता, रोहतास से प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 12 | श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय, वर्त्तमान नालन्दा | ग्रामीण जनता का आवेदन। | 06.11.2014 | प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त –सह–अपर समाहर्त्ता, बेगूसराय का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 13 | श्री शब्बीर अहमद अंसारी, कानूनगो | बन्दोबस्त कार्यालय, खगड़िया | प्रपत्र 8 में प्राप्त अपत्तियों का ससमय संधारण करने के संबंध में। | 10.07.2018 | प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त, खगड़िया का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 14 | श्री शिवजी भट्ट, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, आरा | दफा 106 बी0टी0एक्ट0 के वाद में विधि के विरुद्ध कार्य करने के संबध में। | 04.01.2013 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, भोजपुर (आरा) का प्रतिवेदन |
| 15 | श्री नील कुसुम कुमार सिन्हा, कानूनगो | बन्दोबस्त कार्यालय, खगड़िया | शिविर का कार्य सम्पादन ससमय नहीं करने के संबंध में। | 10.07.2016 | प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त, खगड़िया का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 16 | श्री नरेश कुमार सिन्हा, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, भागलपुर | अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के संबंध में। | 07.11.2013 | प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त, भागलपुर का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 17 | श्री रविन्द्र कुमार सिंह, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, नालन्दा / सुपौल | खानापुरी कार्य के विरुद्ध स्पष्टीकरण की माँग। | 11.10.2014 | प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त, खगड़िया / सुपौल का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 18 | श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, नालन्दा | खानापुरी शिविर बख्तियारपुर पटना के विरुद्ध प्राप्त परिवाद पत्र। | 17.04.2014 | स्पष्टीकरण की माँग। |

| क्र0 सं0 | आरोपित कर्मचारियों का नाम / पदनाम | पदस्थापन कार्यालय | आरोप का संक्षिप्त विवरण | आरोप प्राप्ति की तिथि | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | श्री सागर प्रसाद, कानूनगो | बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा | आरोप–पत्र। | 08.09.2018 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 20 | श्री ओम प्रकाश, सेवानिवृत्त स0ब0प0 | | | | |
| 21 | श्रीमती रेखा रानी, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, पटना | अनाधिकृत रुप से विपत्र सं0–07 / 2018–19 द्वारा मो0 10,18,480.00 रुपये की निकासी के संबंध में आरोप। | 06.05.2019 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 22 | श्री त्रिलोकनाथ झा, स0ब0प0 | बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा | आरोप–पत्र एवं विरमन के संबंध में। | 26.09.2019 | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 23 | श्री जया कासिफ, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा | श्रीमती पप्पु कुमारी, कार्यालय परिचारी, सहरसा के सेवापुस्त में छेड़–छाड़ से संबंधित। | — | समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा का प्रतिवेदन अप्राप्त। |
| 24 | श्री मो0 कैसर आलम, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा | अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने के संबंध में। | — | आरोप–पत्र पर स्पष्टीकरण की माँग की जा रही है। |
| 25 | श्री बिहारी शरण सिंह, उ0व0लि0 | बन्दोबस्त कार्यालय, प0 चम्पारण (बेतिया) | बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय में अभिलेख में छेड़–छाड़ करने के संबंध में। | — | आरोप–पत्र पर स्पष्टीकरण की माँग की जा रही है। |

कुल प्राप्त :– 25

## सेवान्त लाभ से संबंधित लम्बित मामला की सूची :–

| क्रम सं0 | सेवानिवृत्ति की तिथि | कार्यालय / विभाग का नाम | सेवानिवृत्त कर्मी का नाम एवं पदनाम | अनिवार्य ग्रुप बीमा | अव्यवहृत अवकाश के बदले नगद भुगतान की स्थिति | भविष्य निधि से अंतिम भुगतान की स्थिति | उपादान की स्थिति | पेंशन की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2001 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री एजाज हुसैन, जस्ताशोधक | भुगतान | लंबित | भुगतान | भुगतान | भुगतान |
| 2 | 06.11.2008 (मृत्यु) | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | स्व0 कैला राम, प्रेस अटेन्डेन्ट | लंबित | लंबित | लंबित आवेदन पत्र अप्राप्त | लंबित | लंबित |
| 3 | 31-10-2014 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री अर्जुन चौधरी दफ्तरी | लंबित | लंबित | भुगतान | लंबित | लंबित |
| 4 | 26-02-2016 (मृत) | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | स्व0अमरेन्द कुमार पाठक, प्रेस अटेन्डेन्ट | लंबित | लंबित | लंबित | लंबित | लंबित |

| क्रम सं0 | सेवानिवृति की तिथि | कार्यालय / विभाग का नाम | सेवानिवृत्त कर्मी का नाम एवं पदनाम | अनिवार्य ग्रुप बीमा | अव्यवहृत अवकाश के बदले नगद भुगतान की स्थिति | भविष्य निधि से अंतिम भुगतान की स्थिति | उपादान की स्थिति | पेंशन की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 31-01-2018 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री बैजनाथ मराण्डी प्रेस अटेन्डेट | भुगतान | भुगतान | भुगतान | लंबित | लंबित |
| 6 | 30-09-18 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री दशरथ रजक, प्रेस अटेन्डेट | भुगतान | भुगतान | भुगतान | लंबित | लंबित |
| 7 | 03/12/2018 (मृत्यु) | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | स्व0 अमरेश कुमार सिंह, जिंक प्लेट कॉटर | भुगतान | भुगतान | लंबित | भुगतान | भुगतान |
| 8 | 31/01/2019 (सेवानिवृत्त) | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री प्रहलाद नारायण | लंबित | लंबित | भुगतान | लंबित | लंबित |
| 9 | 28-02-19 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री मो0 यूनुस | भुगतान | लंबित | भुगतान | लंबित | लंबित |
| 10 | 19-02.2016 (मृत्यु) | नालंदा | स्व0 सुखदेव पासवान, सर्वेयर | लंबित | भुगतान | भुगतान | भुगतान | भुगतान |
| 11 | 30-06-2010 | भागलपुर | अरविन्द झा उच्चवर्गीय लिपिक | भुगतान | भुगतान | भुगतान | लंबित | लंबित |
| 12 | 8/8/2011 (मृत्यु) | भागलपुर | स्व0 योगेन्द्र प्रसाद यादव अनुसेवक | लंबित | भुगतान | लंबित | भुगतान | भुगतान |
| 13 | 31-12-2014 | शेखपुरा | श्री रामनारायण सिंह अनुसेवक | लंबित | लंबित | भुगतान | लंबित | औपबंधिक पेंशन भुगतान |
| 14 | 31-05-2016 | सुपौल | श्रीमती रेणु देवी उच्चवर्गीय लिपिक | भुगतान | भुगतान | लंबित | लंबित | लंबित |
| 15 | 28.02.2019 | सहरसा | श्री गनौर सिंह प्रारूपक | लंबित | लंबित | भुगतान | लंबित | लंबित |
| 16 | 31.12.2019 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री सुरेन्द्र कुमार पासवान प्रेस अटेन्डेन्ट | निष्पादित | लंबित | लंबित | लंबित | लंबित |
| 17 | 31.12.2019 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री मिसर मराण्डी प्रेस अटेन्डेन्ट | निष्पादित | लंबित | लंबित | लंबित | लंबित |
| 18 | 31.12.2019 | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग,पटना | श्री रत्नेश्वर शर्मा, प्रेस अटेन्डेन्ट | निष्पादित | लंबित | लंबित | लंबित | लंबित |

## विभागीय कार्यवाही, आरोप एवं सेवान्त लाभ से संबंधित समेकित विवरणी :—

| विषय | इस सप्ताह प्राप्त मामला | पूर्व में प्राप्त मामला | कुल मामला | पूर्व में निष्पादित मामला | इस सप्ताह निष्पादित मामला | कुल लम्बित मामला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विभागीय कार्यवाही | 0 | 28 | 28 | 14 | 0 | 14 |
| आरोप | 0 | 25 | 25 | 0 | 0 | 25 |
| सेवान्त लाभ | 0 | 18 | 18 | 0 | 0 | 18 |

(ङ) अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में कबाड़ जैसी सामग्री को हटाने के संबंध में कमिटी बनाने का प्रस्ताव दिनांक 04.03.2020 तक उपलब्ध कराने का निदेश संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी को दिया गया।

(च) अधोहस्ताक्षरी द्वारा संचिका पर 17– अंक अंकित करते हुए नामकरण के बिन्दु पर विभाग के स्तर से सहायता लेते हुए अगले बैठक के पूर्व संबंधित प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

(छ) निदेशालय स्तर पर खोली जाने वाली संचिका में वैसी संचिका का उपयोग किया जाय जिसमें प्रिन्टेड रूप में कार्यालय का नाम अंकित हो एवं अच्छे क्वालिटी का हो, जिससे संचिका का संधारण बेहतर ढ़ंग से किया जा सकें।

(ज) अधोहस्ताक्षरी द्वारा उच्चवर्गीय लिपिक व निम्नवर्गीय लिपिकों की वरीयता सूची को निदेशालय के वेबसाईट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रभारी, आई०टी० सेल को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० से संबंधित पृच्छा करने पर बताया गया की ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० से संबंधित बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग से 15 मामले एवं बन्दोबस्त कार्यालय से 60 मामले सहित कुल 75 मामले लम्बित है। उक्त मामलों का निराकरण जल्द कराने हेतु निदेशित किया गया।

(झ) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित सहायक/कर्मी अपने पटल से संबंधित महत्वपूर्ण पत्र/परिपत्र/आदेश/अधिसूचना आदि को गार्ड फाईल में संधारित करने का निदेश दिया गया एवं अगली बैठक में अवलोकनार्थ उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। गार्ड फाईलों के संधारण के लिए सभी पटल के लिए संबंधित आदेश निर्गत हेतु प्रशाखा पदाधिकारी को निदेशित किया गया। उक्त का संधारण Indexing करते हुए किया जाएगा।

(ञ) सूचना के अधिकार से संबंधित कुल मामले की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचनाके अधिकार से संबंधित निम्न जानकारी दी गयी :–

| कुल मामला | इस सप्ताह प्राप्त मामला | पूर्व में प्राप्त मामला | कुल मामला | पूर्व में निष्पादित मामला | इस सप्ताह निष्पादित मामला | कुल लम्बित मामला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम अपीलीय स्तर पर | 0 | 03 | 03 | 0 | 01 | 02 |
| लोक सूचना पदा० स्तर पर | 33 | 25 | 58 | 37 | 00 | 21 |

संबंधित कर्मी द्वारा बताया गया कि प्रथम अपीलीय स्तर पर निम्न तीन मामला लम्बित हैं –

(क) श्री देवेन्द्र कुमार झा से संबंधित (ख) श्री निरंजन कुमार से संबंधित

(ग) श्री निरंजन कुमार से संबंधित

2. विधायी/न्यायालय संबंधी कार्य :-

(क) विधायी संबंधी कार्यो की समीक्षा के क्रम में संबंधित उच्चवर्गीय लिपिक श्री सतीश कुमार कर्ण द्वारा निदेशालय को प्राप्त लोकायुक्त, लोक लेखा समिति, मानवाधिकार व अन्य विभिन्न आयोगों/विधायी समितियों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुए निम्न कॉलम में जानकारी देने हेतु निदेशित किया गया।

| विषय | इस सप्ताह प्राप्त मामला | पूर्व में प्राप्त मामला | कुल मामला | पूर्व में निष्पादित मामला | इस सप्ताह निष्पादित मामला | कुल लम्बित मामला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोकायुक्त से संबंधित | | | | | | |
| लोक लेखा समिति से संबंधित | | | | | | |
| मानवाधिकारी से संबंधित | | | | | | |
| अन्य मामला | | | | | | |

(ख) न्यायालय संबंधी कार्यो के समीक्षा के क्रम में संबंधित उच्चवर्गीय लिपिक श्री सुरेश प्रसाद सिंह द्वारा CWJC, MJC, LPA तथा अन्य संबंधित निम्न जानकारी दी गयी :-

CWJC से संबंधित :

| S.L. | Type of Case | No. & Year of the Case | Name of Petitioner | Department | Instrumentalities | Subject |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वाद का प्रकार | वाद की संख्या/वर्ष | वादी का नाम | विभाग | करणत्व (संबंधित कार्यालय) | विषय |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | CWJC | CWJC No. -----/2017 | श्री दीनानाथ पाण्डेय एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता-सह-बन्दोबस्त पदाधिकारी, कटिहार | खाता एवं खेसरा से संबंधित। |
| 2 | CWJC | CWJC No. --------/2017 | श्री पंकज कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | अपर समाहर्त्ता, समस्तीपुर अंचलाधिकारी, समस्तीपुर सदर | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के संबंध में |
| 3 | CWJC | CWJC No. --------/2017 | श्री लक्ष्मण बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता, पश्चिम चम्पारण (बेतिया)/पूर्वी चम्पारण (मोतीहारी) | पैतृक सम्पति मौजा बसंतपुर थाना न0 11/समनपुरा थाना न0 12 भूमि विवाद के संबंध में। |

| S.L. | Type of Case | No. & Year of the Case | Name of Petitioner | Department | Instrumentalities | Subject |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वाद का प्रकार | वाद की संख्या / वर्ष | वादी का नाम | विभाग | करणत्व (संबंधित कार्यालय) | विषय |
| 4 | C.M | W.P No. 35881 /2017 | मोहन लाल शर्मा एवं अन्य बनाम भारत सरकार एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता-सह-बन्दोबस्त पदाधिकारी, सिवान | उत्तर प्रदेश बिहार सीमा विवाद के संबंध में |
| 5 | CWJC | CWJC No. ..........2018 | रामदास सिंह एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता, नवादा | भूमि विवाद |
| 6 | CWJC | CWJC No. ..........2018 | अजय कुमार एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता, अरवल | दैनिक वेतन भोगी कर्मी के नियमितीकरण के संबंध में। |
| 7 | CWJC | CWJC No 13754/2019 | नवल किशोर एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | भू-अभिलेख एवं परिमाप | संविदा नियोजन के विरुद्ध |
| 8 | CWJC | CWJC No ------- /2019 | इन्द्रजीत कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | भू-अभिलेख एवं परिमाप | संविदा नियोजन के संबंधित |
| 9 | CWJC | CWJC No 243495/2019 | मो० जफर एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | भू-अभिलेख एवं परिमाप | नियोजन से संबंधित |
| 10 | CWJC | CWJC No 10410/2019 | अरुण कुमार त्रिगुणायत बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप | समाहर्त्ता-सह-बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना | पुनः नियुक्ति से संबंधित |

MJC से संबंधित लम्बित मामला :

| Sl. No. | Type of Case | No. & Year of the Case | Name of Petitioner | Department | Instrumentalities |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | वाद का प्रकार | वाद की संख्या / वर्ष | वादी का नाम | विभाग | करणत्व (संबंधित कार्यालय) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | MJC | MJC No. …../2019 | मेसर्स पंचशील सॉफ्टवेयर बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | समाहर्त्ता पटना |
| 2 | MJC | MJC No. …../2019 | सब्बीर अहमद बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। |

LPA से संबंधित लम्बित मामला :

| Sl. No. | Type of Case | No. & Year of the Case | Name of Petitioner | Department | Instrumentalities |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | वाद का प्रकार | वाद की संख्या / वर्ष | वादी का नाम | विभाग | करणत्व (संबंधित कार्यालय) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | LPA | LPA No. ./2019 | धर्मवीर कुमार एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना निदेशालय, भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना |
| 2 | LPA | LPA No. ./2019 | परमेश्वर लाल बनाम बिहार राज्य एवं अन्य | भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना। | समाहर्त्ता-सह- बन्दोबस्त पदाधिकारी, आरा |

वादों से संबंधित लम्बित मामलों की कुल समेकित सूची :-

| विषय | इस सप्ताह प्राप्त मामला | पूर्व में प्राप्त मामला | कुल मामला | इस सप्ताह निष्पादित | पूर्व से निष्पादित मामला | कुल लम्बित मामला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सी0डब्लू0जे0सी0 | 02 | 19 | 21 | 0 | 11 | 10 |
| एम0जे0सी0 | 0 | 03 | 03 | 0 | 1 | 02 |
| एल0पी0ए0 | 0 | 02 | 02 | 0 | 0 | 02 |

(ग) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय को प्राप्त जनशिकायत / परिवाद पत्र की कुल संख्या की जानकारी नहीं दी जा सकी। पुनः जनशिकायत / परिवाद पत्र की कुल संख्या की जानकारी देने हेतु निदेशित किया गया। उक्त के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि जनशिकायत व अन्य संबंधित मामलों से संबंधित एक अलग से पंजी संधारित किया जाय जिसमें उक्त मामलों की प्रविष्टि कर संबंधित संचिका में उपस्थापित किया जाय। आवश्यक हो तो इस कार्य हेतु अन्य कर्मी को आवंटित करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय।

3. बजट संबंधी कार्य :-

अधोहस्ताक्षरी द्वारा बजट संबंधी कार्यो की समीक्षा की गयी एवं बजट शाखा के सहायक द्वारा बताया गया कि भागलपुर जिला एवं अन्य कुछ जिलों से अधियाचना प्राप्त हुआ है जिसके आधार पर अविलम्ब आवंटन उपलब्ध करावित्तीय वर्ष 2019-20 का आवंटन दे दिया गया है। विशेष सर्वेक्षण कार्य /अमीन के आवंटन से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया जिसमें एच0डी0एफ0सी0 बैंक की जगह ट्रेजरी द्वारा वर्तमान में जो कार्यप्रणाली अपनायी जा रही है उसी के माध्यम से आवंटन उपलब्ध कराया जाय।

4. बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट से संबंधित कार्य :-

(क) बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक के ऐजेण्डा में कई महत्वपूर्ण बिन्दु छोड़ दिया गया था के संबंध में भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं करने का निदेश दिया गया। लेखापाल श्री संतोष कुमार द्वारा उपलब्ध कराये गए Expenditure Report के आंकड़े को Verify/Modify कराने हेतु निदेशित किया गया। इस हेतु आवश्यकतानुसार नई दिल्ली स्थित भूमि संसाधन विकास मंत्रालय भ्रमण हेतु प्रस्ताव उपस्थापित कराया जाय।

(ख) बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट से संबंधित रोकड़ पंजी को update कर इसके अंतिम पृष्ठ की छायाप्रति के साथ अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

5. लेखा संबंधी कार्य :-

(क) अधोहस्ताक्षरी द्वारा अंकेक्षण दल द्वारा उठाये गए महत्वपूर्ण आपत्तियों के निराकरण हेतु एक आंतरिक बैठक आयोजित कर अनुपालन हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श करते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय।

(ख) अधोहस्ताक्षरी द्वारा मासिक विपत्र यथा - विद्युत, दूरभाष इत्यादि के भुगतान के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि उन सारे विपत्रों का भुगतान ससमय किया जा रहा है।

(ग) उक्त के अलावा अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थायी अग्रिम के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर संबंधित सहायक श्री राकेश कुमार द्वारा बताया गया कि 42,000/- रूपये का सामंजन नहीं किया गया है, जिसे शीघ्र कराने हेतु निदेश दिया गया। जितने भी अभिश्रव भुगतान हेतु शेष है का 10 मार्च, 2020 तक Deadline निर्धारित करते हुए भुगतान सुनिश्चित जाय।

(घ) अधोहस्ताक्षरी को बताया गया भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय से संबंधित टी0भी0 नं0 के ससमय प्राप्त नहीं होने के कारण माह-नवम्बर तक ही रोकड़ पंजी अद्यतन है। रोकड़ पंजी को update कर अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

6. बेल्ट्रॉन/प्लॉटर संबंधी कार्य :-

संबंधित सहायक/कर्मी श्री सुमन जी कपूर अनुपस्थित थे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अंचलों/मुख्यालय में कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के पारिश्रमिक भुगतान के संबंध में की गयी कार्रवाई से अवकाश से लौटने के उपरांत अवगत कराने का निदेश दिया गया।

7. आगत-निर्गत शाखा से संबंधित :-

(क) प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराये गए आगत/निर्गत शाखा के कार्यों का निरीक्षण टिप्पणी के आलोक में प्रस्ताव संचिका में अविलम्ब उपस्थापित किया जाय।

(ख) ADF Scanner की मांग किये जाने के फलस्वरूप इसके क्रय हेतु प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया गया है। उक्त पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय उपयोग हेतु ADF स्कैनर के क्रय हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(ग) अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी निदेश दिया गया कि निदेशालय स्तर से सभी पटल से निर्गत महत्वपूर्ण पत्र/अधिसूचना/आदेश इत्यादि की प्रति को निदेशालय के आई0टी0 सेल के प्रभारी को निदेशालय के वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु निश्चित रूप से उपलब्ध कराया जाय।

8. संविदा नियोजन से संबंधित :-

(क) नियोजन से संबंधित पदवार जितनी भी आपत्तियाँ निदेशालय में प्राप्त हुई है उसकी कुल संख्या Fix करने एवं संबंधित अलग-अलग पंजी में दर्ज करते हुए निदेशालय स्तर पर गठित कमिटि के समक्ष उपस्थापित किया जाय।

(ख) नियोजन से संबंधित संचिका को प्रभार के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि अभी तक मात्र 161 संचिका का प्रभार ही लिया जा सका है। उक्त के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि संचिका के प्रभार में अनावश्यक विलम्ब/लापरवाही नहीं किया जाय। इसे समयबद्ध रूप में में काउन्सिलिंग दल द्वारा हस्ताक्षरित कागज का अवलोकन करते हुए तीव्र गति से प्रभार का कार्य सम्पन्न कराया जाय।

9. बैठक से संबंधित :-

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रत्येक बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु एक मासिक प्रतिवेदन का Standard Format उपलब्ध कराने निदेशित किया गया।

10. File/Letter Tracking सॉफ्टवेयर :–

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में File/Letter Tracking System के संबंध में आई०टी० सेल प्रभारी को निदेश दिया गया कि वे पूर्व की बैठकों में दिये गए निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रस्ताव उपलब्ध करायें।

11. अन्यान्य :–

पूर्व की बैठक में दिये गए निदेश के आलोक में तकनीकी शाखा प्रभारी को बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अधिनियम के सेक्शन–28(2) में उल्लिखित नियमावली को अतिशीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया ताकि विधानमंडल में इसे उपस्थापित किया जा सके।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(जय सिंह) 28/2/20
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 35 / गो० पटना, दिनांक 28-02-2020

**प्रतिलिपि** :– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / संबंधित कर्मी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय / राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक

ज्ञापांक :– 35 / गो० पटना, दिनांक 28-02-2020

**प्रतिलिपि** :– प्रभारी, आई०टी० सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 28/2/20